CHOWGULE GROUP

कमांक / CCPL/SE/2112/16 दिनांक – 02.12.2021

प्रति,

श्रीमान् वन मण्डल अधिकारी
वन मण्डल, उमरिया (म.प्र.)

**विषय :–** **शाहपुर ईस्ट कोल माइन हेतु प्रस्तावित राजस्व 12.733 हेक्टे. राजस्व वनभूमि चौगुले एण्ड कम्पनी प्रा.लि.को उपयोग में देने बावत्। ऑनलाइन प्रकरण** –PF/MP/MIN//147526/2021

**सदर्भ :–** **श्रीमान् का पत्र कमांक / मा.चि. / 2021 / 4186,उमरिया दिनांक 30.11.2021 ।**

—00—

मान्यवर,

विषयान्तर्गत उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से शाहपुर ईस्ट कोल माईन अन्तर्गत प्रभावित 12.733 हेक्टे. राजस्व वन भूमि के व्यपवर्तन हेतु प्रस्तुत ऑनलाइन प्रकरण कमांक–PF/MP/MIN//147526/2021 की हार्ड कापी जमा कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त संबंध में हम अवगत कराना चाहते हैं कि शाहपुर ईस्ट कोल माइन का प्रस्तावित कुल क्षेत्रफल 659.00 हेक्टे. है जिसमें से 607.987 हेक्टे. शहडोल जिले तथा 51.013 हेक्टे. भूमि उमरिया जिले के अंतर्गत आता है। संपूर्ण क्षेत्र राजस्व विभाग के अंतर्गत आता है, आरक्षित अथवा संरक्षित वन भूमि प्रभावित नहीं हो रही है।

राजस्व अभिलेखों के अंतर्गत शहडोल जिले के प्रभावित 607.987 हेक्टे. क्षेत्र में से 12.733 हेक्टे. क्षेत्र राजस्व वन भूमि है, जिसके व्यपवर्तन हेतु परिवेश पोर्टल में आनलाईन प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाकर हार्डकापी वन मण्डल शहडोल में जमा की गई है तथा प्रस्ताव में कार्यवाही प्रचलन में है।

उमरिया जिला अन्तर्गत प्रस्तावित 51.013 क्षेत्र पूर्णतः राजस्व क्षेत्र है। तहसीलदार, तहसील पाली जिला उमरिया द्वारा अपने पत्र कमांक 473 / प्रवा. / 2021–22 दिनांक 03.09.2021 द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र जारी किया गया है कि शाहपुर ईस्ट कोल माईन अन्तर्गत पाली तहसील की कोई भी भूमि राजस्व वन भूमि नहीं है।

अतः 12.733 हेक्टे. क्षेत्र के व्यपवर्तन हेतु परिवेश पोर्टल में प्रस्तुत आनलाईन प्रस्ताव में उमरिया वनमण्डल के अंतर्गत कोई भी वन अथवा राजस्व वन प्रभावित न होने के कारण हार्ड कापी जमा नही की गई थी। पत्र के परिपालन में आनलाईन प्रस्ताव की हार्ड कापी आवश्यक दस्तावेजों तथा नक्शों की प्रति संलग्न कर अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

For CHOWGULE & COMPANY PVT. LTD.

Authorised Signatory

**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**चौगुले एण्ड कम्पनी प्रा.लि.**
**शाहपुर (पूर्व) भूमिगत खदान परियोजना**
**शहडोल (म.प्र.)**

आवक
क्र. ...
दिनांक 3-12-2021
वन मंडलाधिकारी उमरिया (म.प्र.)

**प्रतिलिपि :–**

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) भोपाल, (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक, वनवृत्त शहडोल (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।